

"हमें एक बात समझने की जरूरत है कि टेस्ट क्रिकेट आकर्षक होना चाहिए और इस बात पर जोर नहीं होना चाहिए कि यह कितने दिन चलता है। हम (क्रिकेटर) अलग-अलग पिच पर खेलने के लिए बने हैं। पिच चाहे तेज गेंदबाजों की मददगार हो या स्पिनरों के मुताबिक हो हमें हर स्थिति में गेंद का सामना करने आना चाहिये।" -सचिन तेंदुलकर

पूर्व भारतीय बल्लेबाज, टैस्ट क्रिकेट को लेकर

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



## टिम पेन

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन ने शुक्रवार को तस्मानिया के क्वींसलैंड के खिलाफ शेफील्ड शील्ड प्रथम श्रेणी मैच के समाप्त होने के बाद संन्यास लेने की घोषणा की। विकेटकीपर बल्लेबाज पेन ने आस्ट्रेलिया की तरफ से कुल 35 टेस्ट मैच खेले जिनमें से 2018 से लेकर 2021 तक 23 टेस्ट मैचों में उन्होंने कप्तानी की। दक्षिण अफ्रीका में 2018 में गेंद से छेड़छाड़ के मामले में फंसने के बाद स्टीव स्मिथ से कप्तानी छीन ली गई थी जिसके बाद पेन ऑस्ट्रेलिया के 46वें टेस्ट कप्तान बने थे। पेन ने 2021 में तब टेस्ट कप्तानी छोड दी थी।

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

# शमी-सिराज के बाद चले राहुल-जड़ेजा, भारत पांच विकेट से जीता

मुबंई 17 मार्च। गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन के बाद केएल राहुल (75 नाबाद) और रवीन्द्र जडेजा (45 नाबाद) की यादगार शतकीय साझीदारी की बदौलत भारत ने पहले एक दिवसीय मैच में शुक्रवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच विकेट से जीत दर्ज की।

वानखेडे स्टेडियम पर भारत की 12 सालों बाद यह पहली जीत है। जीत के साथ भारत ने इस मैदान पर तीन साल पहले आस्ट्रेलिया से मिली हार का बदला भी ले लिया।

आस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुये सभी दस विकेट गंवा कर 188 रन बनाये थे और भारत को जीत के लिये 189 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसका पीछा करने उतरी टीम इंडिया एक समय अपने पांच महत्वपूर्ण विकेट मात्र 83 रन पर गंवा कर मुश्किल में नजर आ रही थी मगर क्रीज पर उतरे हरफनमौला जडेजा ने एक छोर पर मजबूती से डटे केएल राहुल का बखूबी साथ निभाते हुये भारत को जीत के दरवाजे पर पहुंचा कर ही दम लिया। दोनो बल्लेबाजों ने संयम का परिचय देते हुये आस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण का सामना किया और 61 गेंद शेष रहते मैच को अपनी झोली में डाल लिया।

राहुल ने फार्म पर लौटने के साथ ही वानखेडे पर खेली गयी पारी को यादगार बना दिया। उन्होने 176 मिनट क्रीज पर बिताये और 91 गेंद खेल कर सात चौके और एक छक्का जडा जबकि दूसरे छोर पर जडेजा ने टीम में अपनी उपयोगिता को एक बार फिर साबित करते हुये न सिर्फ दो आस्ट्रेलियाई विकेट अपने नाम किये बल्कि मुश्किलों के भंवर में फंसी टीम को बल्ले से भी मालामाल करते हुये मुस्कराने का मौका दिया।

इशान किशन (3), विराट कोहली (4) और विस्फोटक सूर्य कुमार यादव (शून्य) के आउट होने के बाद भारत की हालत पतली हो गयी थी। बाद में शुभमन गिल (20) और हार्दिक पांड्या 25) के पवेलियन लौटने के बाद आस्ट्रेलिया के खेमे में उत्साह की लहर दौड गयी थी मगर टीम में बल्लेबाजी की गहराई फिर नजर आयी और मेहमानो को निराशा हाथ लगी।



इससे पहले टास जीत कर भारतीय कप्तान हार्दिक पांड्या ने आस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया जिसको सही साबित करते हुये मोहम्मद सिराज (29 रन पर तीन विकेट) और मोहम्मद शमी (17 रन पर तीन विकेट) चटकाये जिसके चलते आस्ट्रेलिया की पारी को महज 35.4 ओवर के खेल में 188 रनों पर ढेर हो गयी। दर्शकों से खचाखच भरे वानखेडे स्टेडियम में उमस भरी गर्मी के बीच शमी और सिराज की जोडी के आगे दिग्गज आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज पानी मांगते नजर आये। अनुभवी शमी और युवा जोश से लबरेज सिराज की दहकती गेंदों के आगे मेहमान बल्लेबाज शुरू से पारी के अंत तक असहज दिखे।

सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श (81) के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज क्रीज पर ज्यादा समय नहीं दे सका। उधर, कुलदीप यादव (48 रन पर एक विकेट), रवीन्द्र जडेजा (46 रन पर दो विकेट) के अलावा हार्दिक पांड्या (29 रन पर एक विकेट) ने कंगारूओं को जमने का मौका नहीं दिया, नतीजन पूरी टीम 188 रनों के स्कोर पर पवेलियन लौट गयी।

भारतीय आक्रमण की धार का अंदाजा इस कदर लगाया जा सकता है कि आस्ट्रेलिया के पांच बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई के अंक तक पहुंचाने में असफल साबित हुये।

एक तरफ से विकेटों के पतझड़ के बीच मार्श ने जीवटता का प्रदर्शन करते हुये अपनी 65 गेंदों की पारी में पांच लंबे छक्के और दस चौके लगाये। उनके अलावा कप्तान स्टीवन स्मिथ (22) और जोस इंग्लिस (26) ने टीम के स्कोरबोर्ड को गति देने की असफल कोशिश की। एक समय आस्ट्रेलिया 20वें ओवर में दो विकेट खोकर 129 रन बनाकर बड़े स्कोर की ओर अठासर था मगर मार्श के आउट होते ही विकेट का पतझड शुरू हो गया जो पूरी टीम के पवेलियन पहुंचने तक जारी रहा।

### स्कोर बोर्ड

| आस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड बो सिराज | 05 | 10 | 1 | 0 |
| मिशेल मार्श का सिराज बो जडेजा | 81 | 65 | 10 | 5 |
| स्टीव स्मिथ का राहुल बो पंड्या | 22 | 30 | 4 | 0 |
| मार्नुस का जडेजा बो कुलदीप | 15 | 22 | 1 | 0 |
| जोश इंग्लिश बो शमी | 26 | 27 | 1 | 1 |
| कैमरुन ग्रीन बो शमी | 12 | 19 | 0 | 0 |
| ग्लेन का पंड्या बो जडेजा | 08 | 10 | 1 | 0 |
| मार्कस का गिल बो शमी | 05 | 8 | 1 | 0 |
| सीन का गिल बो सिराज | 00 | 7 | 0 | 0 |
| मिशेल स्टार्क नाबाद | 04 | 10 | 1 | 0 |
| एडम जम्पा का राहुल बो सिराज | 00 | 6 | 0 | 0 |
| **अतिरिक्त:** | 10 | | | |

कुल योग: (35.4 ओवर में सभी आउट) 188 रन

विकेट पतन:-1-5, 2-77, 3-129, 4-139, 5-169, 6-174, 7-184, 8-184, 9-188

गेंदबाजी:-शमी 6-0-17-3, सिराज 5.4-1-29-3, पंड्या 5-0-29-1, शारदुल 2-0-12-0, जडेजा 9-0-46-2, कुलदीप 8-1-48-1

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ईशान किशन पगबाधा बो स्टोइनस | 03 | 8 | 0 | 0 |
| शुभमन का मार्नुस लाबुसेन बो स्टार्क | 20 | 3 | 13 | 0 |
| कोहली पगबाधा बो स्टार्क | 04 | 9 | 1 | 0 |
| सूर्यकुमार पगबाधा बो स्ट्रोक | 00 | 1 | 0 | 0 |
| केएल राहुल नाबाद | 75 | 91 | 7 | 1 |
| हार्दिक पंड्या का ग्रीन बो स्टाइनिस | 25 | 31 | 3 | 1 |
| रविन्द्र जडेजा | 45 | 69 | 5 | 0 |
| अतिरिक्त | 19 | | | |

कुल योग:-.39.5 ओवर में 5 विकेट पर 191 रन

विकेट पतन:-5-1, 16-2, 16-3, 39-4, 83-5

गेंदबाजी:स्टार्क 9.5-0-49-3, स्टाइनिस 7-1-27-2, एबोट 9-00-31-0, ग्रीन 6-0-35-0- जम्पा 6-037-0, मैक्सबैल2-0-7-0

## त्रिसा और गायत्री आल इंग्लैंड सेमीफाइनल में

बर्मिंघम, 17 मार्च ( भाषा ) भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप के महिला युगल वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गई।

दुनिया की 17वें नंबर की भारतीय जोड़ी ने चीन की ली वेन मेइ और लियू शुआन शुआन को 64 मिनट तक चले मुकाबले में 21 . 14, 18 . 21, 21 . 12 से हराया।

अब उनका सामना इंडोनेशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त अप्रियानी राहायू और सिति फाडिया सिल्वा रामाधांती या कोरिया की बाएक हा ना और ली सो ही की जोडी से होगा। टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती का दारोमदार अब त्रिसा और गायत्री पर ही है।

पिछली बार भी दोनों सेमीफाइनल में पहुंची थी जब उन्हें ऐन मौके पर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश मिला था। इस बार वे पर्याप्त अनुभव के साथ उतरी हैं और पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता। इसके अलावा फरवरी में बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैम्पियनशिप में अपने से ऊंची रैंकिंग वाली टेन पीयरली और टी मुरलीधरन को हराया। पिछले दौर में उन्होंने दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी जापान की युकी फुकुशिमा और सयाका हिरोता को मात दी थी।


उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली ई - निविदा सूचना

(ई-निविदा द्वारा 2022-23)

ई निविदा नोटीस संख्या. 03-Elec-WS-BKN-2022-23 दिनांक: 16.03.2023

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मुख्य कारखाना प्रबंधक, कैरिज एवं वैगन कारखाना, उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर द्वारा खुली ई-निविदा सूचना संख्या 03-Elec-WS-BKN-2022-23 दिनांक 16.03.2023 निम्नलिखित कार्य के लिए आमंत्रित की जाती है ।कार्य का नाम : बीकानेर कार्यशाला में 500 kWp ग्रिड कनेक्टेड रुफ टॉप सोलर पावर पलांट का प्रावधान । कार्य की अनुमानित लागत : रु 18300000/-. बयाना राशि : रु 241500/-. ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं खुलने का समय व दिनांक : दिनांक 10.04.2023 को 15.00 बजे तक ई-निविदा उसी दिन 15.30 बजे खोली जायेगी। वेबसाइट विवरण जहाँ से ई-निविदा की पूर्ण जानकारी देखी जा सकती हैं: www.ireps.gov.in

268-AK/23

हमें /NWRailways पर फॉलो करें


## बेंगलुरु और एटीके मोहना बागान के बीच खिताबी भिडंत में रणनीति और मानसिकता की जंग

मडगांव, 17 मार्च। एटीके मोहन बागान की टीम इंडियन सुपर लीग फुटबॉल के फाइनल में शनिवार को जब 2018-19 सत्र के चैम्पियन बेंगलुरु एफसी के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश पहली बार इस खिताब को अपने नाम करने की होगी।

एटलेटिको कोलकाता (एटीके) की फ्रेंचाइजी ने इस खिताब को एक बार जीता है लेकिन मोहन बागान से जुडाव के बाद उसे अपने पहले खिताब का इंतजार है। टीम ने लगातार पांच मैचों अजेय रहते हुए फाइनल का टिकट पक्का किया। इन पांच मैचों चार में उसके खिलाफ एक भी गोल नहीं हुए।

क्लब ने लीग चरण में टीम की रक्षापंक्ति ने शानदार खेल दिखाया था। इस दौरान टीम के खिलाफ सिर्फ 17 गोल हुए थे जो गत चैम्पियन हैदराबाद एफसी के बाद सबसे बेहतर आंकडा है। फाइनल में जब टीम बेंगलुरु के खिलाफ उतरेगी तो ये आंकड़े ज्यादा मायने नहीं रखेगे। बेंगलुरु के पास भारत के करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री के अलावा रॉय कृष्णा और शिव शक्ति नारायण जैसे अठिाम पंक्ति के शानदार खिलाड़ी है।

बेंगलुरु के कोच सिमोन ठोसन ने पिछले कुछ मैचों में 38 साल के छेत्री का इस्तेमाल स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर किया है और भारतीय कप्तान ने अहम मौकों पर गोल कर टीम को निराश नहीं किया।

हैदराबाद के मुख्य को जुआन फर्नांडो ने कहा, " पिछले कुछ मैचों में उनकी टीम (बेंगलुरु एफसी) ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। वे आत्मविश्वास से खेले हैं। हमें मैच की शुरुआत से ही उन्हें रोकना होगा। इसके लिए हमें अपनी योजना पर भरोसा है।"

बेंगलुरु के कोच ठोसन फाइनल में भी छेत्री को बाद में मैदान में उतारना चाहेगे। उन्होंने कहा, " उनकी तरह की गुणवत्ता, अनुभव और पेशेवर खिलाड़ी को बाहर छोड़ना वास्तव में एक कठिन निर्णय है। लेकिन एक कोच के रूप में, चाहे वह सुनील छेत्री हो या रोहित कुमार, मुझे वही करना है जो मुझे मेरे मुताबिक टीम के हित में होगा।"

## रमन विजयन होंगे चेन्नईयिन एफसी के सहायक कोच

चेन्नई 17 मार्च। चेन्नईयिन एफसी (सीएफसी) ने शुक्रवार को भारत के पूर्व स्ट्राइकर रमन विजयन को टीम के सहायक कोच के तौर पर नियुक्त किया है।

खासा अनुभवी तमिलनाडु के 49 वर्षीय विजयन मुख्य कोच थॉमस ब्रेडरिक और शेष कोचिंग स्टाफ के साथ मिलकर चेन्नईयिन एफसी को अपनी सेवा देंगे।

चेन्नईयिन एफसी के सह-मालिक वीटा दानी ने विजयन की नियुक्ति पर कहा, हम रमन विजयन के टीम से जुड़ने से बेहद खुश हैं। विजयन के प्रबंधकीय अनुभव के साथ संयुक्त रूप से जुड़ने और तराशने वाली उनकी प्रतिभा सीएफसी के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित होगी। विजयन ने इससे पहले इंडियन सुपर लीग के 2015-16 सत्र के दौरान दिल्ली डायनामोज के साथ काम किया था। उन्होंने चेन्नई एफसी, चेन्नई यूनाइटेड और बेंगलुरु से साउथ यूनाइटेड के साथ भी महत्वपूर्ण प्रबंधकीय भूमिकाएँ निभाई हैं।

सीएफसी सहायक कोच के रूप में अपनी नई भूमिका पर उत्साह व्यक्त करते हुए विजयन ने कहा, मैं चेन्नईयिन परिवार का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। खुद एक स्थानीय खिलाड़ी होने के नाते सीएफसी के साथ काम करना बडे सम्मान की बात है। मेरा मकसद दीर्घावधि लक्ष्य रखना और उसे हासिल करना है, खासकर जमीनी-स्तर पर टीम का विकास करना है। मेरे लिए युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार लाना और जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों को मजबूत करना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। हर साल हमें और अधिक से अधिक प्रतिभाओं को सामने लाना चाहिए और हमारे लिए खिलाड़ियों को मुख्य टीम का हिस्सा बनाना महत्वपूर्ण होना चाहिए। आगामी वर्षों में यही हमारा बडा ध्येय रहेगा। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु से अधिक से अधिक स्थानीय प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए हमारे पास उचित स्काउटिंग और संरचनात्मक योजना होगी।

विजियन ने 30 अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन करने के अलावा कोचिंग में सफल बदलाव करने से पहले अपने शानदार पेशेवर करियर के दौरान देश के कुछ शीर्ष क्लबों का प्रतिनिधित्व भी किया। जिसमें ईस्ट बंगाल, मोहम्मडन एससी, डेम्पो एससी, एफसी कोचीन और महिंद्रा यूनाइटेड शामिल हैं। नेशनल फुटबॉल लीग 2007 में आई-लीग के रूप में पुनः ब्रांडेड के रूप में अपने 11 साल के अस्तित्व में विजयन बाइचुंग भूटिया के साथ केवल दो शीर्ष भारतीय गोल स्कोररों में से एक थे।

चेन्नईयिन एफसी वर्तमान में हीरो सुपर कप 2023 की तैयारी कर रहा है, जहां वह 11 अप्रैल को केरल में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के खिलाफ अपने खेल अभियान की शुरुआत करेगा।

## भारतीय टीम आयरलैंड में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेलेगी: क्रिकेट आयरलैंड

डबलिन, 17 मार्च। भारतीय क्रिकेट टीम तीन मैचों की टी20 अंतराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए इस साल अगस्त में आयरलैंड का दौरा करेगी। यह जानकारी क्रिकेट आयरलैंड ने शुक्रवार को दी।

क्रिकेट आयरलैंड ने कहा, " आयरलैंड के क्रिकेट प्रशंसक दुनिया की नंबर एक टी20 अंतराष्ट्रीय टीम भारत को देखने का लुत्फ उठा सकेंगे, जब एशिया के शीर्ष खिलाड़ी इस अगस्त में तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए मालाहाइड लौटेंगे।"

भारतीय टी20 टीम के नये कप्तान हार्दिक पंड्या ने पिछले साल इसी स्थान पर दो मैचों की श्रृंखला के दौरान टीम का नेतृत्व किया था। भारत को अपनी घरेलू सरजमीं पर इस साल एकदिवसीय विश्व कप खेलना है ऐसे में यह देखना होगा कि क्या भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) हार्दिक को एक ऐसी श्रृंखला में खेलने का जोखिम उठाएगा जिसका विश्व कप की तैयारी के मामले में कोई खास महत्व नहीं होगा। यह श्रृंखला हालांकि आयरलैंड क्रिकेट बोर्ड के लिए काफी मायने रखता है क्योंकि इसके प्रसारण राजस्व से उनकी वित्तीय स्थिति बेहतर होगी। इस श्रृंखला का आयोजन 18 से 23 अगस्त तक होगा।

क्रिकेट आयरलैंड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वॉरेन डेयूट्रोम ने कहा, "पुरुष क्रिकेट के मामले में गर्मी का 2023 सत्र किसी जश्न की तरह होगा। प्रशंसकों के लिए यह बहुत खास होगा।"


प्रारूप-10

नियम 6(7) देखिए

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका लालसोट

क्रमांक-न.पा.ल./23/8882 लोक सूचना दिनांक-16.03.2023

(1) श्री उपेन्द्र कुमार बैरवा पुत्र पप्पू लाल बैरवा निवासी सुरतपुरा ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक (आवासीय) प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

| क्र. सं. | जिले सहित तहसील का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा नं. | 90-क हेतु प्रस्तावित रकबा का क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लालसोट जिला दौसा | थलोज | खसरा नं. 200/18 रकबा 1 बीघा 6 बिस्वा<br>कुल किता 1 रकबा 1 बीघा 6 बिस्वा | सम्पूर्ण |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन आवासीय प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो यह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष मर्थक दस्तावेजों के साथ आक्षेप प्रस्तुत कर केगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 16.03.2023 को जारी की गयी। (सीमा चौधरी)

प्राधिकृत अधिकारी, नगर पालिका लालसोट



उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-नीलामी

माह मार्च - 2023 (संषोधित)

No. S4/38/Vol-V दिनांक : 16.03.2023

अनुपयोगी रेल सामग्री एवं अलोह, स्क्रेप सवारी कोच, वैगन सामग्री, मषीन, विविध स्क्रेप रेल तथा अन्य रेल पथ स्क्रेप सामग्री नीचे दर्षाए गए भण्डार डिपो व डिविजन में ई-नीलामी की जायेगी।

| डिपो / डिविजन माह मार्च-2023 | अजमेर डिपो | अजमेर डिविजन | जोधपुर डिपो | जोधपुर डिविजन |
|---|---|---|---|---|
| (पूर्व में) | 31.03.2023 | 31.03.2023 | 31.03.2023 | 31.03.2023 |
| (संषोधित) | 29.03.2023 | 29.03.2023 | 29.03.2023 | 29.03.2023 |

अन्य तिथियाँ यथावत रहेंगी।

1. नीलामी केटेलोग वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिये जायेंगे।
2. उत्तर पश्चिम रेलवे अब स्क्रेप नीलामी ई- नीलामी द्वारा करती है। इसलिये सभी बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि जल्दी से जल्दी ई-नीलागी हेतु वेबसाईट www.ireps.gov.in । अपना पंजीकरण करवाये।
3. बोलीकर्ता डिजिटल हस्ताक्षर नीलामी से पूर्व ले लेंवे एवं ई-भुगतान से किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट पर सम्पर्क करें।
4. विस्तृत जानकारी के लिए संम्बन्धित नीलामी कर्ता डिपो, डिविजन अधिकारी, उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक एवं भण्डार विभाग प्रधान कार्यालय, जयपुर में सम्पक करें।

हमें /NWRailways पर फॉलो करें 270-AK/23


## कॉनवे का अर्धशतक, न्यूजीलैंड के दो विकेट पर 155 रन

वेलिंगटन, 17 मार्च। सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे के अर्धशतक की मदद से न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के बारिश से प्रभावित पहले दिन शुक्रवार को यहां अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 155 रन बनाए। बारिश के कारण दिन भर में केवल 48 ओवर का खेल ही हो पाया। श्रीलंका ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। कॉनवे ने 78 रन की तेजतर्रार पारी खेली तथा टॉम लैथम (21) के साथ पहले विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी करके टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। खराब रोशनी के कारण जब दिन का खेल जल्दी समाप्त किया गया उस समय केन विलियमसन 26 और हेनरी निकोल्स 18 रन पर खेल रहे थे। भारी बारिश के कारण सुबह लंच से पहले का खेल नहीं हो पाया था। इसके बाद श्रीलंका के कप्तान दिमुथ करुणारत्ने ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला करने में कोई देर नहीं लगाई लेकिन पिच से उनके तेज गेंदबाजों को वैसी मदद नहीं मिली जिस तरह की वह उम्मीद कर रहे थे। कॉनवे और लैथम ने सतर्क शुरुआत की। लैथम ने 73 गेंदों पर 21 रन बनाने के बाद कासुन रजिता की गेंद पर हवा में शॉट खेल कर सीमा रेखा पर कैच दिया। कॉनवे ने 69 गेंदों पर अपना आठवां अर्धशतक पूरा किया। वह बड़ी पारी खेलने की स्थिति में दिख रहे थे लेकिन इस स्पिनर धनंजय डिसिल्वा की गेंद पर वापस उनको कैच थमा बैठे।

## द्रविड की सलाह पर अर्शदीप काउंटी मैचों में केंट का प्रतिनिधित्व करेंगे

केंट, 17 मार्च। भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की सलाह पर बायें हाथ के प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह इंग्लैंड के आगामी काउंटी सत्र में केंट की टीम के लिए प्रथम श्रेणी के पांच मुकाबले में खेलेंगे।

केंट काउंटी टीम ने अपनी वेबसाइट पर यह घोषणा की।

यहां जारी विज्ञिप्त में कहा गया, " केंट क्रिकेट को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत के अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज अर्शदीप सिंह जून और जुलाई के बीच काउंटी चैंपियनशिप के पांच मैचों में टीम के प्रतिनिधित्व के लिए उपलब्ध रहेंगे। उनकी उपलब्धि हालांकि जरूरी मंजूरी के अधीन होगी।" अर्शदीप ने कहा कि उन्होंने लाल गेंद के खेल में अपने कौशल को निखारने के लिए काउंटी में खेलने का फैसला किया। उन्होंने इस विज्ञिप्त ने कहा, "मैं इंग्लैंड में लाल गेंद से क्रिकेट खेलने के लिए उत्साहित हूं और प्रथम श्रेणी के खेल में अपने कौशल में सुधार करना जारी रखना चाहता हूं।

मैं केंट के सदस्यों और समर्थकों के सामने प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हूं। राहुल द्रविड़ ने मुझे पहले ही बता दिया है कि इस क्लब का इतिहास शानदार है।" अर्शदीप ने पिछले साल नवंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय पदार्पण किया था। उन्होंने सीमित ओवरों मे भारत के लिए कुल 29 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले है। उन्होंने प्रथम श्रेणी के सात मैच में 23.84 की औसत से 25 विकेट लिये है। वह केंट काउंटी टीम से जुड़ने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी है। इससे पहले कुंवर शमशेरा सिंह, द्रविड़ और नवदीप सैनी इस टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके है।

## वॉर्नर ने पंत की अनुपस्थिति में अतिरिक्त प्रयास करने का संकल्प लिया

नयी दिल्ली, 17 मार्च। दिल्ली कैपिटल्स के नवनियुक्त कप्तान डेविड वॉर्नर ने कहा कि ऋषभ पंत के अस्वस्थ होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में उन्हें एक बडे खिलाड़ी की कमी पूरी करनी होगी और साथ ही संकल्प लिया कि इस भारतीय स्टार की अनुपस्थिति में टीम खिताब जीतने के लिए अतिरिक्त प्रयास करेगी। पंत की अनुपस्थिति में वॉर्नर को दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान नियुक्त किया गया है।

उन्होंने इसके बाद टीम के नियमित कप्तान पंत को संदेश भेजा जिनका अभी उपचार चल रहा है। वॉर्नर ने फ्रेंचाइजी द्वारा जारी बयान में कहा, " हम हर सत्र में प्रेरित होते हैं लेकिन इस साल आपकी अनुपस्थिति में हम खिताब जीतने के लिए अधिक प्रेरित हैं। हम आपके स्वस्थ होने की यात्रा में आपके साथी बनने जा रहे हैं। हम आपको विशेष संदेश भेजने जा रहे हैं और उम्मीद है कि आप हमारे एक मैच में उपस्थित रहोगे।" उन्होंने कहा, " दिल्ली कैपिटल्स परिवार की तरफ से मैं आपके जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।"


आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंग्गटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 । फैक्स- +91 44 4564 4022

परिशिष्ट- VI {नियम 8 ( 1 )}

कब्जा नोटिस

( अचल सम्पत्ति का )

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में केपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) के प्राधिकृत अधिकारी है अत: वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 24.12.2022 को एक मांग पत्र कर्जदारों, सह-कर्जदारों एवं जमानतियों गुरूकृपा ज्वेलर्स प्रो. निरंजन खंडेलवाल, 2. दीपेश जेम्स प्रो. सुनीता खंडेलवाल, 3. दीपेश खंडेलवाल, 4. निरंजन खंडेलवाल, 5. सुनीता खंडेलवाल को जारी किया गया था।, जिसमें 23.12.2022 की तिथी को देय, मांग पत्र में उल्लेखित राशी रुपये 2,16,40,585.73/- (रुपये दो करोड सोलह लाख चालीस हजार पांच सौ पिच्चासी और पैसे तिहतर मात्र) का भुगतान उपयुक्त नोटिस प्राप्ती के 60 दिन के अन्दर करने को कहा गया था।

चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अत: कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज मार्च 2023 के 15वें दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में केपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) की प्रभारित शर्तों के अधीन राशि रुपये 2,16,40,585.73/- (रुपये दो करोड सोलह लाख चालीस हजार पांच सौ पिच्चासी और पैसे तिहतर मात्र) का भुगतान उस पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा। कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।

अचल सम्पत्तियों का विवरण

प्लाट नं. 131, हिम्मत नगर, टौंक रोड, जयपुर, राजस्थान-302017 का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 267.12 वर्गगज, और सीमायें है-पुर्व-रोड 160 फिट चौडी, पश्चिम-प्लाट नं. 130, उत्तर-रोड 30 फिट चौडी, दक्षिण-प्लाट नं. 124

दिनांक- 15 मार्च, 2023
स्थान- जयपुर
ऋण खाता संख्या-19648872 एवं 36206644

प्राधिकृत अधिकारी,
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
( पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड तथा आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित )